>

Title: The Minister of Parliamentry Affiars made a statement regarding Government Business for the week commencing the 28th February, 2011 and submissions made by members.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND MINISTER OF EARTH SCIENCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): With your permission, Madam, I rise to announce that the Government Business during the week commencing Monday, the 28th February, 2011, will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.

2. Presentation of Budget (General) for 2011-12 at 11.00 a.m. on 28.02.2011.

3. Consideration and passing of:-

   (a) The Repatriation of Prisoners (Amendment) Bill, 2010; and

   (b) The Academy of Scientific and Innovative Research Bill, 2010

4. General Discussion on Budget (Railways) for 2011-12.

5. Discussion and Voting on:-

   (a) Demands for Grant on Account (Railways) 2011-12; and

   (b) Supplementary Demands for Grants (General) 2010-11.

6. Introduction, consideration and passing of the related Appropriation Bills.

**श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव):** अध्यक्ष महोदया, आपसे अनुरोध है कि आगामी सप्ताह की कार्यवाही में कृपया निम्न विषयों को विचार के लिए जोड़ा जाए -

1. अतिवृष्टि, बाढ़ तथा बेमौसम बरसात से घरों के गिर जाने से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत न मिलने की वजह से भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। यह देखते हुए उन्हें तत्काल सहायता उपलबध कराने के लिए सरकार को आपदा प्रबंधन विधेयक में नियम बनाने की आवश्यकता।

2. किसानों का खेतों से संपर्क बना रहे, इसलिए एनडीए सरकार ने सड़क संपर्क योजना के अंतर्गत कार्यक्रम चलाया था। लेकिन यह योजना बंद होने से हो रही असुविधा को देखते हुए इसे पुनः शुरू करने की आवश्यकता।

**श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्य सूची मे निम्निलिखित विषयों का समावेश किया जाए -

1. राष्ट्रीय राजमार्ग 76 जो कि झांसी से छतरपुर बमीठा फोर लेन एक्सप्रेस हाइवे में परिवर्तित होना था जिसका सर्वे हो चुका था, योजना को रोक दिया गया है, इसे पुनः प्रारंभ होना चाहिए।

2. प्रस्तावित केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय को टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्र के नौगांव अथवा टीकमगढ़ में ही प्रारंभ किया जाना चाहिए।

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Respected Madam, I request you to include the below mentioned subjects in the agenda for the next week's business of Lok Sabha.

1. Inclusion of Yoga in school syllabus in the country.

2. Reviving the closed and abandoned Tea Gardens in the country.

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** माननीय अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित दो विषयों को जोड़ा जाए -

1. पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत दानापुर मंडल में ईस्लामपुर में गुडशेड टर्मिनल बनाए जाने की आवश्यकता।

2. पूर्व मध्य रेलवे के अन्तर्गत दानापुर मंडल में बख्तियारपुर-बिहारशरीफ-तिलैया रेलखंड के अंतर्गत सभी रेलवे स्टेशनों पर बुनियादी सुविधाओं सहित पेयजल देने की सुविधा देने की आवश्यकता।

DR. KIRIT PREMJIBHAI SOLANKI (AHMEDABAD WEST): Madam, kindly include the following subject in the Government's Business for the next week:-

This is regarding the recognition of the Government Medical Colleges by the Medical Council of India in Gujarat namely (i) Sola Medical College (Ahmedabad) (ii) Gotri Medical College (Vadodara), (iii) Gandhinagar Medical College (iv) Patan Medical College and (v) Valsad Medical College.

MADAM SPEAKER: That is all.

**डॉ. भोला सिंह (नवादा):** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं निम्नलिखित प्रस्ताव सबमिशन के रूप में आपके सामने उपस्थापित करना चाहता हूं -

1. बिहार को विकसित करने के लिए विशिष्ट राज्य का दर्जा प्रदान किया जाए।
2. बिहार में 38 चीनी मिलों, जिसमें नवादा की वारसलीगंज चीनी मिल भी है, को चालू करने के लिए इथनौल की अनुज्ञप्ति देने के लिए केन्द्र सरकार कदम उठाए।

**श्री हरिभाऊ जावले (रावेर):** अध्यक्ष महोदया, कृपया आगामी सप्ताह की कार्यवाही में निम्नलिखित विषयों को विचार के लिए जोड़ा जाए -

1. मुख्य सड़क से खेतों तक पहुंच सड़क न होने से किसानों के कृषि उपज की एवं कृषिपूरक वस्तुओं की यातायात की गंभीर समस्या है। मुख्य सड़क से खेतों तक पहुंच सड़क बनाने की संभावनाएं तलाशने की आवश्यकता।
2. सौर ऊर्जा के माध्यम से 20,000 मेगावॉट विद्युत शक्ति लक्ष्य वर्ष 2022 तक पूरा करने की संभावनाएं तलाशने की आवश्यकता।

**श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर):** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह कार्यवाही के दौरान निम्नलिखित विषयों को एजेंडा में शामिल करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें -

1. उड़ीसा, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के आदिवासी क्षेत्रों मे रहने वाले कौल, मुंडा एवं हो जाति द्वारा बोली जाने वाली हॉ भाषा को शासकीय मान्यता दिए जाने एवं वरणचिटी लिपि का कार्य।
2. दिल्ली से भुवनेश्वर के बीच नई राजधानी रेल सेवा वाया क्योंझर एवं टाटानगर होकर चलाने का कार्य।

**श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल):** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित महत्वपूर्ण समस्या को जोड़ने की कृपा करें।

(1) मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल में हाल में हुई ओला वृष्टि से जान-माल के भारी नुकसान के संबंध में।

(2) मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की आवश्यकता के संदर्भ में।

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली):** अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्य सूची में निम्नांकित विषयों को सम्मिलित किया जाए:-

1. झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वाले लोगों को एक निश्चित समय सीमा के अंदर आवास उपलब्ध कराए जाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक कारगर योजना बनाए जाने से संबंधित विषय।

2. सरकारी मंत्रालयों/विभागों व उपक्रमों में अस्थायी कर्मचारियों को एक निश्चित समय सीमा के अंदर स्थायी किए जाने से संबंधित विषय।